कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail: nodalofficerddn@gmail.com Phone/-Fax: 0135-2767611

पत्रांक– / FP/UK/OFC/146450/2021 :देहरादूनः दिनांक: 31 दिसम्बर, 2021

महाप्रबन्धक दूरसंचार जि० हल्द्वानी–263141 06 JAN 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

विषयः–भारत सरकार की "भारत–नेट/नोफन परियोजना" के अन्तर्गत जनपद–नैनीताल में रामनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत ग्राम टेढा से कोसी बैराज तथा कोसी बैराज से बेलगढ़ फॉरेस्ट चेक पोस्ट तथा बेलगढ़ फॉरेस्ट चेक पोस्ट से क्यारी ग्राम पंचायत भवन तक सड़क के किनारे–किनारे ऑप्टिकल फाईबर केबल डालने हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

संदर्भः–आपका पत्रांक 802/12–1 दिनांक 11.12.2021।

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव ऑनलाईन अप्राप्त है। प्रस्ताव की 03 हार्ड प्रति आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा दिनांक 16.12.2021 को प्राप्त हुई है। आप द्वारा प्रस्तुत हार्ड प्रति के गहन अवलोकन करने के पश्चात निम्न प्रकार प्रस्ताव में अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक हैः–

1. प्रस्तावित मोटर मार्ग के किनारे–किनारे ओ0एफ0सी0 केबिल बिछाने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित Hand Book के पैरा 4.1 एवं 4.2 के अनुसार अपेक्षित Row की सूचना प्रस्ताव के संलग्न की जानी अपेक्षित है।
2. प्रस्ताव में एफ0आर0ए0 पूर्ण संलग्न नहीं है। संलग्न किया जाये।
3. प्रस्ताव में संलग्न सभी प्रपत्रों में पृष्ठ संख्या अंकित की जानी अपेक्षित है।
4. वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव को भारत सरकार द्वारा निर्धारित परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने हेतु सक्षम स्तर से अधिकृत किये जाने वाले अधिकारी से सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्ताव में अपेक्षित है।
5. प्रश्नगत परियोजना हेतु आवेदित वन भूमि का कुछ भाग पवलगढ़ संरक्षित आरक्षित वन के अन्तर्गत है, इस सम्बन्ध में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड की सहमति/आख्या प्रस्ताव में अपेक्षित है।
6. उपरोक्त कमियों के निराकरण के पश्चात प्रस्ताव ऑनलाईन/ऑफलाईन इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त आपत्तियों के निराकरण करने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी/प्रयोक्ता एजेन्सी को अपने स्तर से निदेशित करते हुये कमियों का पूर्ण निराकरण करवाकर हार्ड मूल प्रति सहित (03 प्रतियों में) ऑनलाईन/ऑफलाईन इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक

संख्या :– 1536 / FP/UK/OFC/146450/2021 दिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रस्ताव में इंगित कमियों का प्रस्तावक विभाग से पूर्ण निराकरण करवाकर प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।
2. BSNL MAIN TELEPHONE EXCHANGE, AWAS VIKASH, HALDWANI को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त प्रस्ताव इस कार्यालय से वापस प्राप्त कर भली–भांति अवलोकन कर आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात प्रस्ताव प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक